# परिवहन के इतिहास का खुला पिटारा

## मुख्यमंत्री ने जनता को सौंपा हेरिटेज ट्रांसपोर्ट म्यूजियम

अमर उजाला






### सीएम ने किया अवलोकन

अमर उजाला ब्यूरो

**तावडू।** बिलासपुर-तावडू रोड पर नवनिर्मित हेरिटेज ट्रांसपोर्ट म्यूजियम शनिवार को आम जनता के लिए खोल दिया गया। इस उद्घाटन मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने किया। करीब तीन एकड़ में बने इस संग्रहालय में परिवहन साधनों के विकास के इतिहास को दर्शाने का प्रयास किया गया है।

संग्रहालय में प्रदर्शित प्राचीन समय के दुर्लभ परिवहन साधनों का मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया और इसके संग्रहकर्ता की सराहना की। यहां लकड़ी के पहियों वाली बैलगाड़ी, ऊंटगाड़ी, बग्गी, साइकिल, रिक्शा, पुराने स्कूटर, ट्राम, रेलगाड़ी, हेलीकाप्टर, एयर क्राफ्ट समेत अन्य नमूने रखे गए हैं। संग्रहालय के संस्थापक तरुण ठकराल की परिश्रम और अनुसंधान के बाद यह संग्रहालय तैयार किया गया है। इसमें विभिन्न शताब्दियों में यातायात के साधनों में आए बदलाव की भी गूढ़ जानकारी दी गई है।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह देश का ऐसा पहला संग्रहालय है, जो हरियाणा में स्थापित किया गया है। झज्जर में हस्तलिखित पांडुलिपियों का अनोखा संग्रहालय है। उन्होंने कहा कि देश की सांस्कृतिक विरासत बहुत पुरानी है। महाभारत के समय में सभ्यता और संस्कृति बहुत विकसित थी। हम पुरानी चीजों से सीखकर ही भविष्य में आगे बढ़ने के सपने बुनते रहे हैं। संग्रहालय के निर्माण में भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय का आर्थिक सहयोग है। इस मौके पर राज्य के परिवहन मंत्री आफताब अहमद ने संग्रहालय बनाने की सोच की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि यह संग्रहालय मेवात में ही नहीं हरियाणा के विकास में नई पहचान बनेगा। यह संग्रहालय हेरिटेज ट्रांसपोर्टेशन ट्रस्ट ने स्थापित किया है। इसका मुख्य उद्देश्य परिवहन के इतिहास की धरोहर को संभाल कर रखना है। दर्शकों को और विशेष रूप से बच्चों को परिवहन के साधनों के विकास के बारे में जानकारी देनी है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार शिव भाटिया, पूर्व डिप्टी स्पीकर आजाद मोहम्मद, कांग्रेस नेता एजाज अहमद, उपायुक्त विनय सिंह यादव, पुलिस अधीक्षक अनिल धवन आदि मौजूद थे।



मेवात के तावडू के हेरीटेज ट्रांसपोर्ट म्युजियम का उद्घाटन करते प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा।

